हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# दो महीने का हटेगा ब्रेक, जुलाई में सात दिन गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वैवाहिक शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे लोगों के लिए जुलाई माह खुशियां लेकर आई है। इस माह 7 मुहूर्त है। इसके बाद देवशयनी एकादशी के बाद से वैवाहिक मुहूर्तों पर विराम लग जाएगा। गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त के चलते इस माह बड़ी संख्या में मांगलिक आयोजन होने की संभावना है।


ज्ञात हो कि विगत दो माह से वैवाहिक मुहूर्त न होने पर लोगों को बेसब्री से शुभ मुहूर्तों का इंतजार बना हुआ था। जुलाई माह शुरू होते ही लोगों के बीच हर्ष का माहौल व्याप्त है। कारण यह कि इस माह लगातार मुहूर्त है। पंचाग एवं पंडितों के मुताबिक जुलाई माह में 9, 10, 11, 12, 13, 15 तारीख का शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। जिसके चलते जिन्हें शुभ मुहूर्त का इंतजार था, उन्होंने मांगलिक आयोजनों के लिए तैयारियां शुरू कर दी है।

इधर जुलाई माह में पड़ने वाले वैवाहिक मुहूर्त को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। जिनके यहां मांगलिक आयोजन होना है। उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवन आरक्षित करा लिए हैं। इसके साथ ही व्यापक तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस माह बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने की संभावना जताई जा रही है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े तमाम व्यवसायियों की भी व्यस्तता लगातार बने रहने की संभावना है।

## हर मुहूर्त पर ढेरों शादियां..होटल-भवन सहित बैंड, बाजा और कैटरिंग के आर्डर फूल

### बाजार में बढ़ी रौनक

वैवाहिक मुहूर्त के चलते बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों लोगों की चहल-पहल बढ़ी है। लोग वैवाहिक आयोजनों से संबंधित सामग्रियों की खरीदी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। वहीं बाजार में व्यवसायियों की भी व्यस्तता बढ़ गई है। इसके साथ ही वैवाहिक आयोजनों से संबंधित व्यवसायियों की भी आगामी दिनों में व्यस्तता बढ़ने की संभावना है। बाजार में कपड़ा, ज्वेलरी, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक आईटम सहित अन्य दुकानों में बेहतर ग्राहकी देखी जा रही है।



**नवंबर में अगला मुहूर्त :** देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह के साथ ही पुनः मांगलिक आयोजनों के लिए मुहूर्त की शुरूआत होती है। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। इसके बाद नवंबर माह में वैवाहिक मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। नवंबर में 17, 22, 23, 24, 25 तारीख को, दिसंबर माह में 2, 3, 4, 10, 13, 15 तारीख को शुभ मांगलिक मुहूर्त है।

### 15 से फिर लगेगा ब्रेक

बताया गया कि जुलाई माह का मुहूर्त 15 जुलाई तक ही रहेगा। इसके बाद आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की एकादशी 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। ऐसी मान्यताएं हैं कि देवशनीय एकादशी से भगवान श्रीविष्णु श्रीहरि चार माह के लिए योग निंद्रा में चले जाते हैं। जिसकी वजह से चार माह वैवाहिक शुभ मुहूर्त नहीं होते।

## सोमवार को ठप रही सफाई व्यवस्था, नए टेंडर तक रहेगा यही हाल!

# एमआईसी में सफाई ठेका निरस्त, नए सिरे से होगी प्रक्रिया, कई टेंडर भी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विवादों में घिरे सफाई ठेके के टेंडर में अब नया मोड़ आ गया है। निगम प्रशासन द्वारा एमआईसी सदस्य के विरोध बावजूद किए गए टेंडर को सोमवार के दिन एमआईसी बैठक में निरस्त कर दिया गया है। महापौर हेमा देशमुख ने भी सफाई ठेके को लेकर की गई प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। ऐसे में अब एमआईसी में निरस्त किए जाने के चलते दोबारा यह प्रक्रिया की जाएगी। इसके अलावा प्रेस क्लब कॉलोनी को लेकर हुए टेंडर को भी निरस्त कर पुनः टेंडर करने का फैसला लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि बीते एक महीने से सफाई ठेके को लेकर कांग्रेस और भाजपा के साथ ही निगम प्रशासन आमने-सामने हो गए हैं। मार्च महीने में की गई इस प्रक्रिया को लेकर महापौर हेमा देशमुख और स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन गणेश पवार ने सवाल खड़े किए थे, जिस दिन यह टेंडर खुलना था, उस दिन भी इसको लेकर विरोध जताया गया था, लेकिन निगम अफसरों ने टेंडर खोलने की प्रक्रिया कर ली थी, इस टेंडर को निरस्त किए जाने की उस दिन से चर्चा शुरू हो गई थी, जिसे सोमवार को आयोजित की गई एमआईसी की बैठक में निरस्त कर भी दिया गया है।

**बिना अनुमोदन के श्रमिकों की संख्या में हेर फेर के कारण निविदा निरस्त पुनः निविदा जारी करने का निर्णय**



**इन मुद्दो को लेकर बैठक :** बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने एवं वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेका पद्धति से श्रमिक रखने निविदा आमंत्रित करने तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत दुकान आबंटित करने की स्वीकृति दी गयी। साथ ही सफाई ठेका के लिये आहुत निविदा निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण की स्वीकृति सहित नगर निगम के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया

### आचार संहिता में पूरी प्रक्रिया

सफाई ठेके को लेकर यह भी आरोप लगाया गया था कि 15 मार्च को आचार संहिता लगने के बाद इसकी पूरी प्रक्रिया की गई है। आचार संहिता के दौरान ही ठेके के ऑफलाईन फार्म बांटे गए। इसको लेकर भी अफसरों की शिकायत निर्वाचन आयोग से करने की तैयारी में पार्षद हैं।

### अफसरों की शिकायत भी

इधर एमआईसी बैठक के बाद महापौर हेमा देशमुख सहित सभी एमआईसी सदस्य जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने विभागीय एमआईसी सदस्यों की अनदेखी की शिकायत दर्ज कराई। इसके साथ ही कुछ अन्य निगम के अफसरों की भी लिखित व मौखिक शिकायत की गई।

**सफाई व्यवस्था होगी प्रभावित:** सफाई ठेके के निरस्त होने के बाद अब नए टेंडर होने तक शहर के दो दर्जन से अधिक वार्डों में व्यवस्था प्रभावित होने वाली है। सोमवार को भी इन वार्डों में सफाई नहीं हो पाई है। ऐसे में अब वैकल्पि व्यवस्था बनाए जाने को लेकर भी तैयारियां की जा रही है, परन्तु कर्मचारियों की सीमित संख्या के चलते पूरे शहर में व्यवस्थ बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा।

### सिर्फ तीन लिफाफे ही खुले

एमआईसी सदस्यों ने इस टेंडर पर सवाल खड़े करते कहा कि 27 वार्डों के लिए किए गए टेंडर में हर वार्ड में चार-चार आवेदन प्राप्त हुए थे, लेकिन भाजपा नेताओं के दबाव में निगम ने हर वार्ड में एक-एक लिफाफे को नियमों का हवाला देते निविदा से ही दूर कर दिया था। इसके अलावा हर वार्ड की अलग फाईल बनाने की जगह एक मास्टर फाईल बनाकर पूरे ठेके करने को लेकर भी विरोध हुआ। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के काम का स्थापना से टेंडर करने से भी एमआईसी सदस्य नाराज थे।

### नियमानुसार कार्रवाई

निविदा के पूर्व समूहों के ईएसआईसी और ईपीएफ में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होने की शर्त रखी गई थी। जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं था, उन समूहों को निविदा से दूर रखा गया था।

- **अभिषेक गुप्ता**, आयुक्त, नगर निगम

# बाहरी प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण मिली हार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार को लेकर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने राजधानी में आहूत समीक्षा बैठक में अपनी जमकर भड़ास निकाली। कांग्रेस नेताओं का साफ तौर पर कहना था कि संसदीय क्षेत्र के किसी नेता को प्रत्याशी बनाए जाने की बजाय बाहरी प्रत्याशी को मौका दिया गया। यही नहीं सत्ता में रहते कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करना भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भारी पड़ा।

रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में आहूत कांग्रेस की समीक्षा बैठक में आज दोपहर विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के नेताओं ने कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और विजय जांगिड के समक्ष लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव में मिली हार के कारणों की जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता के दौरान तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कोई भी काम नहीं हुए। जिसके कारण कार्यकर्ताओं में बेहद नाराजगी रही और उन्होंने लोकसभा चुनाव से अपने को दूर रखा। यही नहीं राजनांदगांव विधानसभा में हर बार बाहरी प्रत्याशी को मौका दिए जाने के कारण विस के कार्यकर्ताओं में गुस्सा था। जिसके कारण इस सीट में लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतों से पराजित होना पड़ा। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी नहीं दी गई। पूरा चुनाव बाहरी नेताओं के जरिये लड़ा गया। जिसके कारण लोकसभा चुनाव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल को हार का सामना करना पड़ा।

### संगठन में हो बदलाव

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के शीष नेताओं ने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सुझाव भी मांगे। संसदीय क्षेत्र के नेताओं ने कहा कि जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन में बदलाव होना चाहिए। काम करने वाले नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी दिए जाने से कांग्रेस को लाभ मिलेगा।

### फूटा लेटर बम

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक के पहले एक लेटर बम भी फूटा। कांग्रेस के सभी नेताओं के वाट्सअप में एक पत्र पहुंचा। जिसमें राजनांदगांव सहित प्रदेशभर में कांग्रेस को मिली हार के कारणों के लिए कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदार बताया गया है।

### विधायकों से वन-टू-वन

समीक्षा बैठक में कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और विजय जांगिड़ ने संसदीय क्षेत्र के विधायक और पूर्व विधायकों से वन-टू-वन बातचीत की। नेताओं को हार के कारणों की जानकारी देने के लिए पांच मिनट का समय तय किया गया था। विधायकों ने कहा कि संगठन के नेताओं को जिस ढंग से काम करना था, वैसा उन्होंने नहीं किया। जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने विधायकों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

## खबर संक्षेप

### पान ठेला के पीछे रखा था शराब, पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक पान ठेला के पीछे अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी से 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना के आधार पर रेड कार्रवाई कर क्लब चौक पान ठेला के पीछे बसंतपुर में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखे आरोपी कृष्ण कुमार गायकवाड 36 साल निवासी ग्राम सिंघोला के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2700 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

## माय एंगल




# पुलिस आरक्षक से मारपीट, रात को समझौता, दिन में अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

व्यस्त सडक से वाहन निकालने के दौरान थाना में पदस्थ आरक्षक से भिडने वाले युवकों पर समझौते के दूसरे दिन पुलिस से गैरजमानती धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया। वहीं मामले में आईजी ने पंद्रह दिन पहले ही थाना ज्वाईन करने वाले टीआई को भी लापरवाह मानते हुए लाईन अटैच कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ईतवारी बाजार में रविवार के चलते काफी भीड़ थी। इस दौरान जिला पत्रकार संघ सदस्य श्रेयांश सिंह अपने रिश्तेदार सागर सिंह व संदीप राजपूत के साथ कार में कहीं जा रहा था। भीड़ के चलते दोनों कार आमने-सामने हो गई और दौरान पुलिस वाहन में सवार आरक्षक प्रकाश मोहिले के साथ उनकी गरमा-गरम बातचीत हुई और उत्तेजित आरक्षक ने श्रेयांश सिंह पर बोलेरो गाड़ी की चाबी से हमला कर दिया। हमले में श्रेयांश के दहिने हाथ की ऊंगली पर चोंट आई। वहीं बचाव में उतरे संदीप राजपूत के साथ आरक्षक ने झूमाझटकी की। घटना बाद दोनों पक्ष थाना पहुंचे, जहां दोनो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया। देर रात बातचीत बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और एफआईआर दर्ज नहीं कराना तय हुआ, लेकिन सोमवार को बदले घटनाक्रम बाद हरकत में आए पुलिस विभाग ने तीनों युवकों के खिलाफ ⏩ शेष पेज 12 पर

### कार्रवाई से पनपा आक्रोश

रविवार शाम आरक्षक और युवकों के बीच लोगों की समझाइश पर समझौता हो गया था, लेकिन किसी कारणवश सोमवार सुबह पुलिस ने बिना जांच किए तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जबकि बिना वर्दी के हमला करने वाले आरक्षक के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि देर रात तक सुलह से मामला खत्म करने का प्रयास करने वाले थाना प्रभारी से बिना पक्ष जाने एक तरफा लाईन अटैच कर दिया गया। जानकारों का कहना है कि सुलह से मामला खत्म करने की व्यवस्था कानून में है, फिर सुलह को दरकिनार कर एक तरफा कार्रवाई किसके कहने पर की गई। पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई का विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# नीट इंस्टीट्यूट के वाहन में गांजा की सप्लाई
## 8 किलो गांजा जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रायपुर निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के गिरफ्त में आए आरोपियों से लगभग साढ़े 8 किलो गांजा बरामद किया गया है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों ने तस्करी के लिए नीट इंस्टीट्यूशन की मारूति कार का उपयोग किया है।

राजनांदगांव शहर के बसंतपुर थाना की पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक वैन में दो आरोपियों द्वारा गांजा की तस्करी की जा रही है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने रविवार की रात्रि आरोपियों को पकड़ने घेराबंदी की। इस दौरान शहर का गौरवपथ पानी टंकी के पास संदेही आरोपियों की पुलिस ने तलाशी ली, तो वैन के भीतर दो ट्राली बैग में गांजा से भरा पैकेट मिला। आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ किया गया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह रायपुर से बालोद गांजा की डिलीवरी के लिए जा रहे। इस मामले में बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने कहा कि आरोपियों के कब्जे से दो अलग-अलग बैग में लगभग साढ़े 8 किलो गांजा जब्त किया गया है। वहीं आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

गांजा तस्करी के मामले में पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी आकाश सिन्हा और नितिन सिंह ठाकुर रायपुर जिले के निवासी हैं। आरोपियों ने गांजा तस्करी के लिए नीट, आईआईटी, जेईई फाउडेशन इंस्टीट्यूट लिखे वाहन का उपयोग किया था। पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया है। वहीं पूरी मामले की जांच में जुटी हुई है।

## थानों में दंड संहिता से न्याय संहिता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नया कानून लागू, जिले के थानों में पहले दिन मना उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक जुलाई से लागू तीन नए कानूनों के स्वागत के लिए राजनांदगांव शहर कोतवाली थाना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

भारत के नए कानून के रूप में आज से देशभर में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू कर दिया है। इस नए कानून के स्वागत में राजनांदगांव शहर के कोतवाली थाना में दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से कानूनी जानकारी देने बैनर-पोस्टर लगाए गए थे। कार्यक्रम को राजनांदगांव के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज से नया कानून लागू हो रहा है। यह कानून जनता की सुविधा और न्याय को दृष्टिगत रखते हुए बनाया गया है। पुलिस के लिए इस कानून में समय-सीमा में विवेचन करना और न्यायालय के लिए समय-सीमा में निर्णय करना बाध्यकारी किया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाइल से संबंधित अपराधों पर इस नए कानून में विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं कार्यक्रम में शिरकत करते भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि यह नया कानून सबके लिए बेहतर है। केंद्र सरकार ने यह अच्छा कानून बनाया है। जिसमें दंड संहिता को न्याय संहिता कर दिया गया है। जिससे अब लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा और अपराधियों को कड़ी सजा मिलेगी।



### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राजनांदगांव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू सहित स्थानीय नागरिक और पुलिस विभाग से जुड़े लोग शामिल हुए।

### धाराओं की दी जानकारी

तीन नए कानून लागू होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नई धाराओं, ई-एफआईआर, महिला और बालकों के हित संरक्षण सहित कई प्रमुख बातों को लेकर जानकारी दी गई।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### इंग्लिश मीडियम स्कूल का शुभारंभ

**अंबागढ़ चौकी।** राम निवास सारडा एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस में एक जुलाई को इंग्लिश मीडियम स्कूल का शुभारंभ हुआ। शैक्षणिक गतिविधि शुरू करने से पहले प्राचार्य डॉ. एसके मिश्रा सहित स्टाफ मेंबर्स ने भगवान गणेश एवं मां सरस्वती की पूजा किया। प्राचार्य ने पालकों को भरोसा दिलाया कि नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों की मंशा के अनुसार यह शाला गुरुकुल की सोच को सार्थक करेगी। सभी बच्चों का तिलक वंदन कर उन्हे मिठाई खिलाया गया। पालकों का भी मुंह मीठा कराया गया। शुभारंभ अवसर पर नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष गिरीश शुक्ला, उपाध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल, सचिव सुरेश एच लाल, कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी, उप सचिव अनिल वार्ष्णेय, प्रशासक डॉ. आरएन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### रानी अवंती प्रतिमा की स्थापना



**सड़क अतरिया।** बिड़ोरी में 1857 में शहीद रामगढ़ की रानी वीरांगना अवंतीबाई की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, अवध जंघेल, नेतराम जंघेल, नरेश वर्मा, देवशरण जंघेल, लेखराम शिवहरे, धन्नूराम, भगबली वर्मा, उत्तम वर्मा, तोलेन्द्र वर्मा, प्रहलाद वर्मा, फत्ते बर्मा, केजू वर्मा, साहूकार वर्मा, देवनाथ वर्मा, मेघनाथ वर्मा, संतोष वर्मा, हेमू वर्मा, चंदू वर्मा, आशाराम, हेमलाल, मकुल वर्मा, रामखेलावन, खेमलाल केदार, मनोज वर्मा, छोटू राम, तरुण वर्मा, भगवानी निषाद, डेरहाराम साहू, निहालीराम साहू, सहित अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने आरती, पूजन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### समीक्षा बैठक में शामिल होने गए कांग्रेसी

**डोंगरगढ़।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद संगठन स्तर पर समीक्षा की जा रही है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत हासिल किया था किन्तु शहर के 24 वार्डो में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस शहर में बेहतर प्रदर्शन करने में नाकामयाब रही थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार को आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होने के लिए विधायक, पूर्व विधायक, ब्लाक अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी रायपुर गए हैं। जानकारी के अनुसार सात के अंत तक होने वाले नगर पालिका चुनाव को देखते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने वार्डो का भ्रमण कर मतदाताओं से जनसंपर्क करने के साथ समस्या से रूबरू होने लगी है। वह जनता की मांग के अनुरूप अधिकारियों को निर्देश देकर व्यवस्था को सुधारने का प्रयास कर रही है। विधायक और कांग्रेस की इस कवायद को पालिका चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### निधन

#### ललिता शर्मा



**डोंगरगांव।** दीपक रेस्टोरेंट के संचालक दीपक शर्मा और शिक्षक एनेन्द्र शर्मा की माता ललिता शर्मा पति स्व घनश्याम शर्मा का एक जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। श्रीमती शर्मा के निधन पर विधायक दलेश्वर साहू, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता. मनीष बोहरा, गुलशन हिरवानी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## पहले दिन थानों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन, लोगों को नए कानून से कराया अवगत

# तीन नए कानून लागू, कई धाराएं हुई दफा

## निर्धारित समय पर होगी जांच और पीड़ितों को मिलेगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

सोमवार से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्थानीय थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी मोहित गर्ग के निर्देश और एसडीओपी दिलीप सिसोदिया की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम में हुए महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में विस्तार से बताया गया। बताया गया कि नए कानून आम लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं।

एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सदस्य इंदुमति साहू, जागृति यदु, व्यापारी यूनियन के अध्यक्ष रामकिशन महेश्वरी, मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता आदि की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के आरंभ में थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह ने बताया कि अंग्रेजी शासनकाल से चले आ रहे इंडियन पेनल कोड, दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया है।

उन्होंने बताया कि नए कानून में बलात्कार के लिए धारा 375 और 376 की जगह धारा 63 होगी। सामूहिक बलात्कार की धारा 70 होगी। सामूहिक बलात्कार के मामले में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है जिसके तहत आरोपियों को फांसी भी हो सकती है। इसी प्रकार हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 होगी।




### ऑनलाइन दर्ज होगी रिपोर्ट

नए प्रावधान के मुताबिक किसी प्रकार का अपराध होने पर प्रभावित पक्ष मोबाईल, ईमेल सहित अन्य माध्यम से घटना की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है किन्तु ऐसा करने पर उसे अगले 72 घंटे में उपस्थित होकर दस्तावेज में हस्ताक्षर करना होगा। इसी प्रकार अब मेडीकल रिपोर्ट देने के लिए भी समय सीमा निर्धारित कर दिया गया है। अब तक मेडीकल जांच के बाद एक सप्ताह में डाक्टरों को रिपोर्ट देना होगा। ऐसा नहीं करने पर वह भी कार्रवाई के दायरे में आ जाएंगे। इस मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, तहसील साहू समाज के संरक्षक अमरनाथ साहू, गुलशन हिरवानी, चुनेश्वर साहू, बद्रीनारायण शुक्ला, अखिलेश नखत, सिद्धिक बड़गुजर, प्रियंक जैन, भगत कोर्राम, डिकेश साहू, अरूण जैन, धर्मेन्द्र साहू, राजा जैन, रामस्वरूप साहू आदि मौजूद थे। संचालन गजेन्द्र हरिहारनो ने किया।

### चलाएं जागरुकता अभियान

इस मौके पर जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि लचर प्रणाली के चलते न्याय मिलने में काफी विलंब होता था। देखने में आता था कि कई मामलों में न्याय पाने के इंतजार में आदमी का पूरा जीवन ही खप जाता था। अब इस त्रासदी को खत्म करते हुए नए कानून में यह प्रावधान किया गया है कि तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल सके। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं में सघन जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। इस मौके पर एसडीएम श्री मरकाम, एसडीओपी श्री सिसोदिया, तहसीलदार श्री नाग आदि ने भी संबोधित किया।

### पीड़ित को मिलेगा त्वरित न्याय

**घुमका।** थाना घुमका में तीन नए क्रानून से अवगत कराने के लिए सोमवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में तहसीलदार सोनित मेरिया, नायब तहसीलदार अशोक सिंह, टीआई विनय कुमार पम्मार ने नए क्रानून क्रे संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश काल में बने कानूनों में परिवर्तन किया गया है ताकि नागरिकों को आसानी से न्याय मिल सके। तहसीलदार मेरिया ने बताया कि त्वरित न्याय दिलाने के लिए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया है। इस परिवर्तन से आम आदमी को त्वरित न्याय मिलेगा। बैठक में कोटवारों को अंजान व्यक्ति के रुकने पर मुसाफिरी दर्ज कराने कहा गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिलीप पटेल, सरपंच फूलमती वर्मा, पटेवा सरपंच मिथलेश साहू, खजरी सरपंच संतराम ठाकुर, बाटगांव सरपंच संतोष वर्मा, मुरमुंदा सरपंच कल्पना साहू, बिरेझर सरपंच पार्वती साहू, दुर्गेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।




### पुलिस के साथ मिलकर काम करें पब्लिक

**चिचोला।** नए कानून के लागू होने पर सोमवार को थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर थाना प्रभारी उमेश बघेल ने कहा कि किसी के साथ अन्याय हो रहा है या कोई दुर्घटना में घायल हो गया है तो उसकी मदद करे। मदद करने वाले को पुलिस परेशान नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि नए कानून के लागू होने से लोगों को जल्दी न्याय मिलेगा। प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा कि पुलिस के साथ मिलकर एक दूसरे की मदद करना चाहिए। जिला भाजपा के उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने कहा कि नए कानून लोगों को न्याय दिलाने के लिए बने हैं। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भरत वर्मा ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने पर जोर देते हुए कहा कि गाँव में अवैध शराब बिकने से लोगों में नशे की लत बढ़ रही है। इस मौके पर सरपंच अतिश सिन्हा, सचिव चिन्ताराम सेवता, मीनूराम साहू, कृष्णाराम धनकर, देवेंद्र साहू, टीचर्स आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**ठेलकाडीह।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य एके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नवीन न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक रेणुका सिन्हा ने नवीन न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सीएस राठौर ने साइबर क्राइम से अवगत कराया। डॉ. एलसी सिन्हा ने भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने नवीन न्याय संहिता की प्रासंगिकता से अवगत कराया। संचालन व्हीके मसियारे ने किया। इस अवसर पर बी बर्मन, नीलमणी देवांगन, जीएल वर्मा, नेमेन्द्र चन्द्राकर एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नामदेव बने जिला विभाग संयोजक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह प्रचारक नारायण नामदेव, अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. आशुतोष मंडावी, मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया एवं विदर्भ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विक्रमजीत कलाने, प्रांत अध्यक्ष प्रो अमित बघेल, यज्ञदत्त वर्मा, महेश साकेत की उपस्थिति में कबीरधाम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांत भर के 250 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। विभिन्न सत्रों में संगठन की कार्य पद्धति, आचार पद्धति, विचारधारा के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। इसी दौरान संगठनात्मक चयन किया गया। राजनांदगांव विभाग प्रमुख तथा जिला संयोजक अमन बृज नामदेव, पूर्वा समर्थ को छात्रा प्रमुख, जीत प्रजापति को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौपी गई।

इस घोषणा पर अमन बृज नामदेव ने संगठन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। छात्रा प्रमुख का दायित्व मिलने के बाद पूर्वा समर्थ ने कहा कि अभाविप व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। वर्तमान में सभी छात्राओं को प्रत्येक कार्य में आगे आना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि श्री नामदेव पूर्व में नगर मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला संयोजक आदि पद का दायित्व संभाल चुके हैं। कार्यक्रम में अमन ब्रिज नामदेव, पूर्व समर्थ, जीत प्रजापति, गुलशन भगत, पंकज यादव, शुभम महोबिया, आकाश जयसवाल, भावेश साहू, पंकज सोनी आदि शामिल हुए।

# नियमित स्कूल आने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांधाबाजार



ग्राम में गत दिनों संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना कर अतिथियों, संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राजकीय गीत एवं स्वागत गीत माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर कक्षा पहली, छठवीं और कक्षा नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुंह मीठा कराने के बाद गणवेश और पुस्तक प्रदाय किया गया। महिला समूह ने न्योता भोज का आयोजन किया। मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन प्रस्तुत कर बच्चों को नियमित शाला आने प्रेरित किया गया। बीईओ ने योजनाओं की देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर जनपद सदस्य योगमाया साहू, शेषश्वरी धुर्वे, सरपंच प्रीति चौहान बीईओ एसके धीवर, रंजन साहू, डॉ माधवी गणणवीर, उद्दल सलामे, सुनीता चौधरी, सोहन कोमरे आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। अंत में मिठाई वितरण किया गया। संचालन प्रदीप साहू ने किया।

### रायपुर के सत्संग आयोजित

**डोंगरगढ़।** रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक दिवसीय सत्संग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज शामिल हुए। उनका स्वागत सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मेयर प्रमोद दुबे एवं पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्र ने किया। इस मौके पर व्यास पीठ की पूजा की गई। इस मौके पर भक्तों को संबोधित करते हुए सुधांशु महाराजश्री ने कहा कि ब्रह्मवेला में उठकर परमात्मा से जुड़ने का नियम बनाए गए है। सभी को अपने जीवन में नियम का पालन करना चाहिए। अच्छी संगति में रहें और आचरण अच्छा रखे। दो दिवसीय सत्संग में डोंगरगढ़ मंडल के एनआर देवांगन, मंथिरदास साहू, अजय ठाकुर, कैलाश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, आयुष खेमुका, बलराम साहू, संवल सिंह सहारे, रमेश बहेकर, हनी गुप्ता, किरण नरेड़ी, आरणसिंह ठाकुर, धनंजय गिरधर, जगीन चंद्रवंशी, डॉ बीपी चंद्राकर, बसंत देशकर सहित बड़ी संख्या में संयोजक गोपाल खेमका के नेतृत्व में शामिल हुए।



# रेत का खनन उफान पर

- खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

मुड़पार रेत अवैध उत्खनन मामले में सप्लायरों एवं अधिकारियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के बाद क्षेत्र में धडल्ले से रेत अवैध उत्खनन शुरू हो गया है। रेत सप्लायर एवं ठेकेदार अब अधिकारी और राजनेताओं के संरक्षण में सप्लाई करने में लगे है। ग्राम पंचायत पारागांवखुर्द में रेत को गॉव के ही एक व्यक्ति को बेच दिया गया है। ग्रामसभा के बिना प्रस्ताव के रेत को 2 लाख 9 हजार में बेच दिया गया। इसी प्रकार पारागांवखुर्द, पारागांव कला, जामरी, मुड़पार, आरबिरा, रेगाकठेरा, डुंडेरा सहित अन्य गांवों से रेत का खनन कर ट्रेक्टर से परिवहन किया जा रहा है।




पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## एसडीएम से शिकायत, नहीं कराया इलेक्ट्रॉनिक तराजू का सत्यापन

# मुद्रांकन शुल्क के विरोध में सेल्समैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

सरकारी राशन दुकानों के इलेक्ट्रॉनिक तराजू का मुद्रांकन हर साल नाप तौल विभाग द्वारा किया जाता है। मुद्रांकन के लिए निर्धारित स्थल पर राशन दुकानदारों से तराजू मंगवाया जाता है और मुद्रांकन किया जाता है। इस वर्ष गंडई एव साल्हेवारा की लगभग 109 दुकानों के सेल्स मेन को इलेक्ट्रॉनिक तराजू कृषि उपज मंडी परिसर में लाने कहा गया था। यहां 100 से अधिक राशन दुकानों के सेल्स मेन निजी वाहन एवं किराए के मालवाहक से इलेक्ट्रॉनिक तराजू लेकर पहुचे। यहां उन्हे कहा गया कि मुद्रांकन के लिए 2250 रुपए नगद देना होगा। शुल्क को सुनकर सेल्स मेन विरोध में उतर गए। उनका कहना था कि संचनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय से जारी लेटर के अनुसार 1500 सौ शुल्क देना है जिसे उनके कमीशन से काटा जाना है। मामला नहीं सुलझने के बाद सभी सेल्स मेन ने एक राय होकर अनुविभागीय अधिकारी रेणुका रात्रे से शिकायत किया।



### नगदी लेने का विरोध

भुरभुसीर के सेल्समेन रेखचंद साहू ने बताया कि तौल मशीन का सत्यापन कराने आए थे। यहांउनसे 22 सौ 50 रुपये नगदी मांगा जा रहा था जिसका सभी ने विरोध किया क्योकि मंत्रालय के आदेश के अनुसार 1500 सौ रुपए कमीशन से काटने का आदेश है। नाप तौल विभाग का कहना है कि 1500 सौ सत्यापन एवं 750 रुपये सर्विस चार्ज देना है।

### शुल्क निर्धारित

खाद्य निरीक्षक विनोद सागर ने बताया कि नाप तौल विभाग द्वारा मुद्रांकन किया जा रहा है जो सालाना किया जाता है। नाप तौल विभाग ने बताया है कि 1500 सौ मुद्रांकन और 750 रुपए सर्विस चार्ज है।

### निराकरण की मांग

उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि इलेक्ट्रॉनिक तराजू का सत्यापन करने 1जुलाई को कृषि उपज मंडी में शिविर लगाया गया है जिसमें राशन दुकान के संचालकों से 2250 रुपए मांगा जा रहा है जबकि शासन ने 1500 रुपए तय किया है जिसे कमीशन की राशि से काटा जाना है। उन्होंने इस मामले को संज्ञान में लेकर निराकरण करने की मांग की है। शिकायत और विरोध के बाद भी हल नहीं निकलने पर सभी सेल्स मेंन इलेक्ट्रॉनिक तराजू को लेकर वापस चले गए । सेल्स मेनों का कहना था कि अब वह इस मामले को लेकर कलेक्टर के पास जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### इंडिया टीम को बधाई

**डोंगरगढ़।** विश्व कप क्रिकेट मैच में कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल जीतने पर सभी खिलाड़ियों को ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मुढ़ीपार ब्लाक अध्यक्ष कोमलदास साहू, घुमका ब्लाक अध्यक्ष रतन यादव, शहर अध्यक्ष विजयराज चौहान, कार्यकारणी अध्यक्ष शेखर वर्मा आदि ने बधाई दिया है।

### जस सम्मेलन में 20 टीमें शामिल

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत छीराहीडीह में दो दिवसीय जस गीत सम्मेलन का आयोजन जय माँ महामाया राजहंस बघवा जस परिवार द्वारा किया गया। ग्राम में लगभग 16 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन 30 जून से किया गया जिसका समापन 1जुलाई को हुआ। सम्मेलन में दुर्ग, भिलाई, दुर्ग खोपली, उरला, कोगिया कला, देवपुरा, डेहरी, देवकर, उदयपुर सहित अन्य स्थानों की टीमों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति के प्रमोद पटेल, दीपक पटेल, घनश्याम निषाद, लीलाराम यदु, दुर्गेश यदु ,योगेश यदु ने बताया कि सम्मेलन के आयोजन से ग्राम में भक्ति भाव का संचार हुआ।

### प्रदेश उपाध्यक्ष सवन्नी ने ली बैठक, दी जानकारी

# कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं का सम्मान करेगी जिला भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मतदाता सम्मान सहित अन्य योजनाओं के क्रियांवयन को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की बैठक ली।

जिला कार्यालय में आयोजित बैठक मे प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जीताने के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी और बताया कि आने वाले समय में भाजपा द्वारा मतदाताओं का सम्मान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिसमें सांसद संतोष पांडेय, लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव मौजूद रहेंगे। बैठक में जिला प्रभारी राकेश यादव, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, मूलचंद लोधी, टीके चंदेल, खम्मन ताम्रकार, जीवनदास रात्रे, महामंत्री रामाधार रजक, लिा भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, अनिल अग्रवाल, परमानंद साहू, निजाम मंडावी, शशांक ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, ज्ञानदास बंजारे, विनय देवांगन, प्रकाश सिंह, विक्की अग्रवाल, नेतराम जंघेल, केशव चंदेल, चंदू वर्मा, नरेंद्र श्रीवास, आलोक श्रीवास, राकेश ठाकुर, नवनीत जैन, जैनेन्द्र जंघेल, गोरेलाल वर्मा, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ती वर्मा, कांता यादव, गिरजा चंद्राकर, नंद चंद्राकर, अरुणा सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, यतीश साहू, अवध वर्मा, भुवन वर्मा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद थे।




**पार्टी गतिविधियों की ली जानकारी**

प्रदेश उपाध्यक्ष ने पर्यावरण को लेकर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता 6 जुलाई के पहले अनिवार्य रुप से पौधरोपण कर उसके सरंक्षण व संवर्धन पर ध्यान दे। वही उन्होने जिला भाजपा द्वारा जिले मे पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों व गतिविधियो की जानकारी ली। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने पार्टी द्वारा संपन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने संबोधन बाद आभार प्रकट किया।

# रबी फसल बीमा का 50.36 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रबी वर्ष 23-24 में हुए असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित बीमित किसानों के प्रभावित फसल के सर्वेक्षण बाद बीमा राशि कंपनी ने जारी कर दी है।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में बीते साल ओला वृष्टि व असमय बारिश से परेशान किसानो को राहत देने राजस्व व कृषि विभाग से नुकसानी का जायजा लेकर प्रकरण बीमा कंपनी को भेजने कहा गया था जिसके बाद कंपनी ने फौरी कारवाई करते हुए प्रभावित किसानो को क्लेम का भुगतान करना शुरू कर दिया है।

उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया की पीएम फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी 23-24 में बीमा कराए गए फसल चना, गेहूँ और अलसी में बीमित किसानो को गणना उपरांत बीमा दावा राशि का भुगतान सीधा उनके बैंक खाते में अंतरित किया गया है। रबी 23-24 में 67 हजार 640 हेक्टेयर रकबा का बीमा आवरण मे शामिल करते हुए 3 करोड़ 84 लाख कृषक अंश राशि प्रीमियम के रूप में बीमा कंपनी को भेजा गया था। उन्होंने बताया की असामयिक वर्षा व ओला वृष्टि के कारण रबी फसलों को नुकसान हुआ था जिसमें योजना तहत निर्धारित संख्या में फसल कटाई प्रयोग के आधार पर 35 हजार 104 किसानो का 50 करोड़ 36 लाख रूपए बीमा क्षति राशि का आंकलन किया गया था जिसमे बीमा कंपनी द्वारा 49 करोड़ रूपए दावा राशि सीधे किसानो के खाते में अंतरित कर दिया गया है।

**15 गांव का लंबित**

शेष पात्र किसानो के बैंक खाता में त्रुटि के कारण आधार नंबर के माध्यम से भुगतान की कारवाई बीमा कंपनी द्वारा की जा रही है। जिले के 15 गॉवो मे नुकसानी के दावा गणना की कारवाई बीमा कंपनी स्तर पर लंबित है जिस पर जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए भू-अभिलेख शाखा के माध्यम से आयुक्त भू-अभिलेख शाखा रायपुर को दुबारा जानकारी प्रदान कर कारवाई करने भेजा गया है। लंबित पंद्रह गॉवो दावा गणना बाद पात्रता अनुसार किसानों को जल्द दावा राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

# पीएम जनमन से बैगा परिवारों के मकान का सपना हो रहा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के खुद के आवास को सपने को पूरा करने संचालित जनमन योजना गरीब परिवारो के वरदान साबित हो रही है। जिले के सुदूर वनांचलो में रहने वाले बैगा आदिवासियों के लिए पहले खुद का पक्का मकान एक सपने जैसा था लेकिन पीएम जनमन योजना से उनका पक्का आवास बनने लगा है। जिले मे 853 हितग्राहियों के पंजीयन बाद स्वीकृत 808 हितग्राहियों मे 737 को प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगो को अब कच्चे मकान के टूट जाने से और बरसात की सीलन भरी दीवारों से छुटकारा मिलेगा। गौरतलब है कि जनमन योजना तहत आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की राशि चार किश्तों में मिलती है। पहली किश्त आवास शुरू करने के लिए 40 हजार, दूसरी किश्त लेंटर स्तर होने पर 60 हजार, तीसरी किश्त छत निर्माण पर 80 हजार और आवास पूरा होने पर 20 हजार रूपए दिया जाना है। इसके अलावा मनरेगा से 95 दिन का रोजगार भी मिलता है। जिले में 15 अगस्त तक 120 जनमन आवासों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# स्टेट बैंक की स्थापना दिवस पर आयोजन



**राजनांदगांव।** एक जुलाई 1955 को भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना की गई थी। आज बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर स्टेट बैंक राजनांदगांव की मुख्य शाखा द्वारा पौधारोपण और आधुनिक शिक्षा के लिए छात्रा को लैपटाप दिया गया।

राजनांदगांव स्टेट बैंक की मुख्य शाखा द्वारा बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला बरगाही में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक शाखा द्वारा 25 पौधों का रोपण किया गया। वहीं कलेक्टोरेट परिसर में एक अन्य कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी छात्रा को लैपटाप दिया गया। उक्त छात्रा ने छुरिया के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्ययन करते कक्षा 12वीं में 89 प्रतिशत अंक हासिल किया था। इस दौरान जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के करकमलों से छात्रा को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक वरुण शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जैसवाल, उप जिला शिक्षा अधिकारी संगीता राव एवं शिक्षिका उपस्थित थी।

# देश की बात सेमिनार में विप्लव हुए शामिल

- 3 दिवसीय कार्यक्रम में 24 राज्य के सदस्य रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



असम की राजधानी गुवाहाटी में आयोजित देश की बात फाउंडेशन के 3 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन मे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जिपं सभापति व अकादमिक एक्टिविस्ट विप्लव साहू और सामाजिक चिंतक डॉ भोला साहू शामिल हुए। अधिवेशन में फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल रॉय, ऑर्गेनाइजर टीम, सभी सेंट्रल क्वार्डिनेटर सहित देश के 24 राज्यों के सदस्य भी मौजूद थे। अधिवेशन के पहले दिन खंडवा अधिवेशन 23 में लिए निर्णय की राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की गई।

प्रदेश का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड रखते हुए विप्लव साहू ने बताया कि सभी जिलों में रोजगार संसद और सात जिनो मे मैत्री मिलन के अलावा तीन जिलो मे युवा रोजगार सांसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विप्लव साहू ने अपनी कार्ययोजना योजना रखते हुए कहा कि इस लक्ष्य को सकारात्मक राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय रोजगार नीति के एजेंडा के माध्यम से जमीन पर सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। अधिवेशन मे फाउंडेशन के जिम्मेदार पदाधिकारियो को राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने एक साल वर्किंग टास्क दिया जिसे क्रमवार करना है। असम से लौटकर जिपं सभापित विप्लव साहू ने बताया कि गुवाहाटी के शांत और रमणीय जगह पर तीन दिन का सेमिनार सकारात्मक राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय रोजगार नीति पर विस्तृत व्याख्यान और कार्यशाला आयोजन साथ पूरा हुआ। इस दौरान क्रांति निकेतन मे प्रदेश के पंद्रह लोगो को प्रशिक्षण दिया गया। अधिवेशन बाद नर्द दिल्ली मे राष्ट्रीय रोजगार आंदोलन मे बीस से ज्यादा लोग सक्रियता से शामिल हुए।

# मदराकुही में वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन

- ऑइलसीड मॉडल ग्राम अंर्तगत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तहत सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन ऑइलसीड मॉडल ग्राम अंर्तगत ब्लाक के चयनित ग्राम मदराकुही मे वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, जोन-9 जबलपुर के निदेशक डॉ एसआरके सिंह के मुख्य आतिथ्य, आईसीएआर बोर्ड सदस्य बिशेसर दास साहू के विशेष आतिथ्य और कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ गुंजन झा, कृषि विभाग एसडीओ वीरेंद्र डहरिया, वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम सहित सरपंच, उपसरपंच व किसानो की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉ एसआरके सिंह द्वारा सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अंर्तगत सोयाबीन फसल के प्रदर्शन को लेकर चयनित प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया।

किसानो को धान फसल के स्थान पर तिलहनी फसलों को लगाने प्रेरित किया गया ताकि देश मे तिलहन आयात को कम किया जा सके और तिलहन के उत्पादन में राष्ट्र अग्रणी हो। कार्यक्रम मे सोयाबीन की उन्नत कास्त तकनीक के फोल्डर का विमोचन भी हुआ।



**उन्नत कृषि तकनीक की दी जानकारी**

उन्नतशील कृषक के रूप में विशेष अतिथि बिशेसर दास साहू ने उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी दी। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ गुंजन झा ने सोयाबीन की उन्नत खेती के बारे में जानकारी देते हुए मौजूद किसानो को तिलहन फसल लगाने प्रेरित किया। अंजली घृतलहरे ने फफूंदनाशी एवं राईजोबियम कल्चर से बीजो के उपचार का प्रायोगिक प्रदर्शन, डॉ अतुल डांगे ने सीड ड्रिल से सोयाबीन की बुआई और सीड़ ड्रिल केलीब्रेशन, डॉ योगेन्द्र श्रीवास ने उर्वरक और खाद का प्रबंधन, आशीष गौरव शुक्ला ने सोयाबीन की उंची क्यारी को लेकर जानकारी दी वही जितेन्द्र मेश्राम द्वारा सोयाबीन फसल में रोग व कीट प्रबंधन की विसतार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में किसानो को सोयाबीन बीज और आदान सामग्री के रूप में राईजोबियम कल्चर सहित फफूंदनाशी वितरित किया गया।

# नए कानून के संबंध में कार्यशाला



**मोहला।** कानूनों में एकरूपता लाने, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से प्रभावशील होगा। इन तीनों कानूनों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अंबागढ़ चौकी टाउन हॉल सभागार में एक परिचर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुषमा सावंत जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव, कलेक्टर एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य लोग शामिल थे। परिचर्चा को संबोधित करते जिला जज श्रीमती सुषमा सावंत ने बताया कि इस कानून के लागू हो जाने से न्याय प्रक्रिया और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि इस कानून के लागू हो जाने से लोगों की मानसिकता परिवर्तन होगी और गवाह सामने आएंगे। इस कानून के तहत पुलिस और कोर्ट को समय-सीमा का निर्धारण किया गया है। इसके साथ ही पीड़ित पक्ष की सुविधाओं को रखा गया है। इसके अलावा केस का जल्द निराकरण किया जाएगा। जिससे विचाराधीन बंदियों को फायदा मिलने की बात कही।

**सभी को न्याय मिलेगा समय पर**

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि सभी को न्याय समय पर मिल सके, इसी उद्देश्य को लेकर केन्द्र सरकार नए कानून को लागू किया जा रहा है। इस कानून के तहत विडियोग्राफी सहित नए धाराओं पर बल दिया गया है और आरपीसी की धाराओं को विलोपित किया गया है। इस कानून का लागू हो जाने से पुलिस विवेचकों, प्रार्थी व पीड़ितों को फायदा पहुंचेगा। ई-एफआईआर, जीरो-एफआईआर, ई-साक्ष्य के संबंध में जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे, जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी।

### वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर आज से

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 21 जून से 10 जुलाई तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 2 जून को वार्ड नं. 50 के लिए सार्वजनिक मंच गौठान के पास सिंगदई व वार्ड नं. 51 के लिए सामुदायिक भवन हरदी, 3 जुलाई को वार्ड नं. 42 व 43 के लिए आंगनबाड़ी भवन फिरंतीन मंदिर के पास व वार्ड नं. 46 के लिए सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर एवं 4 जुलाई को वार्ड नं. 40 व 48 के लिए सामुदायिक भवन नंदई नाका व वार्ड नं. 41 के लिए सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

### समाज के मुखिया, सरपंच, पंच एवं शिक्षक और छात्र-छात्राएं हुए शामिल

# थाना गातापार में नया कानून उत्सव दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



देश में सोमवार 1 जुलाई से नया कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने के उपलक्ष्य में थाना गातापार में पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनादंगांव दीपक झा के नेतृत्व में नया कानून उत्सव मनाया गया जिसमें अलग-अलग समाज के मुखिया, सरपंच, पंच एवं हाई स्कूल के प्राचार्या एवं शिक्षक/छात्र छात्राएं हुए शामिल।

पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा नये कानून में दण्ड के बजाय न्याय पर आधारित है तथा पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलना सुनिश्चित है। नया कानून प्रौघोगिकी के उपयोग को बढ़ावा देता है तथा ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर का प्रावधान किया गया, आडियों विडियो के माध्यम से पीडित को बयान रिकार्डिंग करने का अधिकार देता है। नये कानून के तहत देश में कही भी एफआईआर करने का प्रावधान है तथा तालाशी एवं जब्ती में विडियो ग्राफी की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। उन्होंने अपराध में फॉरेंसिक टीम के महत्व के बार में बताया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के द्वारा नये कानून के तहत बताया गया कि महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए 37 धारा शामिल है तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्व घटित होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

**नए कानून की दी बधाई**

गोडवाना समाज के जिलाध्यक्ष संतराम छेदैया, शासकीय हाई स्कूल गातापार की प्रचार्या डॉ0 ममता अंग्रवाल, अधिवक्ता वीरसिंग वर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में सभी को नये कानून लागू होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नया कानून उत्सव में बडी संख्या में क्षेत्र के सरपंच, पंच, आदिवासी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से राजकुमार मंडावी, ओमबती यादव, शेखर जोशी, देवकी धुर्वे, कमलेश वर्मा, केशर सिंह कोर्राम, कृष्णा वर्मा, मन्नू लाल वर्मा, सोना बाई कंवर, अग्नी बाई कंवर एवं नागरिक तथा कोटवार उपस्थित रहें। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं का आभार प्रदर्शन रक्षित निरीक्षक के देव राजू ने किया। कार्यशाला का संचालन सहायक उपनिरीक्षक रोहित रजक ने किया। इसी तरह जिले के समस्त थानों में नया कानून उत्सव दिवस 1 जुलाई को मनाया गया।

# डॉक्टर्स-डे पर विद्यार्थियों ने डॉक्टरों का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना सभा में डॉक्टर्स के योगदान पर प्रभावी उद्बोधन देते उनकी महिमा का गुणगान किया। साथ ही कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा शासकीय मेडिकल कॉलेज पेंड्री से डॉ. प्रकाश खूंटे, पारख नर्सिंग होम से डॉ. आदित्य पारख, ओम डेंटल क्लिनीक से डॉ. सौरभ जायसवाल एवं उनकी टीम से मिलकर डॉक्टर्स-डे की शुभकामनाएं देते प्रसन्नता व्यक्त किया गया। बच्चों ने सभी डॉक्टर्स के योगदान की प्रशंसा की।

शाला की व्याख्याता उषा झा के अनुसार डॉक्टरों की टीम द्वारा मेडिकल व्यवस्था का अवलोकन करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शाला के शिक्षक आशीष सोनवानी, अरविंद निषाद एवं शिक्षिका वाणी मुदिराज, अर्चना श्रीवास्तव द्वारा इस व्यवस्था का लाभ उठाया गया। विद्यार्थियों के इस सराहनीय कार्य हेतु गायत्री शिक्षण समिति के बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

## सार समाचार



### जिला जेल में विधिक शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला जेल राजनांदगांव में आज नए क़ानून के संबंध में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अविनाश तिवारी अपर सत्र न्यायाधीश, हेमंत कुमार रात्रे सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नए क़ानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम एवं भारतीय साक्ष्य आधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत, तारकेश्वर प्रसाद, समस्त प्रहरी, मुख्य प्रहरी एवं जेल स्टाफ़ व बंदी उपस्थित रहे।

### आबकारी ने पकड़ा 144 पौवा संत्री शराब

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग ने दबिश देकर आरोपी से महाराष्ट्र निर्मित 144 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा इन दिनों अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ प्रभावी रूप से कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत आबकारी वृत चिचोला द्वारा ग्राम हालेकोसा मोड पर आरोपी देवचंद साहू से महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री 144 पौवा बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### प्रत्येक मंगलवार को जनदर्शन कार्यक्रम

**मोहला।** जिला स्तर पर अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएगी। कलेक्टर एस. जयवर्धन के साथ ही जिले के अन्य अधिकारियों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण किया जाएगा। नागरिकगण दोपहर 1 बजे से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

ठेलकाडीह कॉलेज में नवीन भवन के लिए राशि स्वीकृत

राजनांदगांव। ठेलकाडीह महाविद्यालय के नवीन भवन का सदन में तत्कालीन विधायक भुनेश्वर बघेल द्वारा मांग किए जाने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भवन निर्माण हेतु बजट में स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई। क्षेत्र के छात्रों की ओर से एनएसयूआई के प्रदेश सचिव जयंत बघेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है एवं पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के प्रति कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा कृतज्ञता व्यक्त की गई है।

### आधार कार्ड अपडेट करने लगाया जा रहा शिविर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में हितग्राहियों के आधार कार्ड अद्यतन करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आधार कार्ड अद्यतन नहीं होने के कारण हितग्राहियों को मिल पाना संभव नहीं हो पाता है। जिले में 54 हजार 718 हितग्राहियों का आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ है, जिसे देखते जिले के सभी विकासखंडों में प्रथम चरण में माह जुलाई 2024 में हितग्राहियों के आधार अद्यतन के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। छुरिया विकासखंड में 23 हजार 607, डोंगरगढ़ विकासखंड में 7 हजार 119, डोंगरगांव विकासखंड में 5 हजार 780, राजनांदगांव विकासखंड में 18 हजार 212 हितग्राहियों का आधार अपडेट हेतु शेष है। प्रथम चरण में 1 से 31 जुलाई तक ग्राम एवं वार्डवार शिविर का आयोजन कर हितग्राहियों के आधार अद्यतन किया जा रहा है।

### दांत व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में सोमवार को शहर के कौरिनभाठा स्थित प्रतिष्ठित डेंटल क्लिनिक रॉयल डेंटेयर में डॉ. रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर तथा डॉ. नीतू सिंह ठाकुर द्वारा आयोजित दंत एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विशाल जनसमूह ने लाभ लिया। शिविर में आए मरीजों के दांतों के साथ आस्था पैथोलॉजी के सहयोग से निःशुल्क रक्तचाप, डायबिटीज, हीमोग्लोबिन एवं काफी रियायती दरों में कई प्रकार की खून की जांच की गई। सभी मरीजों को दांतों से संबंधित जानकारी तथा डेंटिस्ट्री की लेटेस्ट उपचार सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। मरीज को आवश्यकतानुसार निःशुल्क एक्स-रे, दवाइयां तथा ज्ञानवर्धक पोस्टर का भी वितरण किया। साथ ही कुछ गंभीर मरीजों का इलाज भी किया गया।

पृष्ठ 09 का शेष

### पुलिस आरक्षक से

आईपीसी की धारा 294, 323, 506, 332, 353, 34 के तहत मामला दर्ज कर दिया, लेकिन चाबी से हमला करने वाले आरक्षक के विरूद्ध कोई कारवाई नहीं की। पता चला है कि घटना के समय आरक्षक ने वर्दी नहीं पहनी थी। जिसके चलते युवक गलत-फहमी के शिकार हो गए।

### ऑपरेशन प्रयास : माओवादी से आत्मसमर्पण की अपील

# हथियार छोड़ लौट आओ घर मिलेगी खुशहाल जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

हथियार छोड़ घर लौट आओ, देंगे नई जिंदगी का आह्वान करते नक्सल विरोधी अभियान के तहत जिला मोहला-मानपुर-चौकी जिले में ऑपरेशन प्रयास चलाया जा रहा है।

आज पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स डीसी पटेल के दिशा-निर्देश के तहत जिला पुलिस, डीआरजी और इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस (आईटीबीपी) द्वारा जिले के विभिन्न नक्सल प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों और सक्रिय नक्सलियों के परिवारजनों से मुलाकात कर माओवादियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



#### नियमानुसार मिलेगी सुविधा

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने माओवादियों से अपील किया है कि माओवादियों की लड़ाई अंतिम चरण में है। पुलिस फोर्स माओवादियों के गढ़ माड़ में पहुंच चुकी है। अभी भी समय है, समय रहते पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और आम नागरिक की तरह समाज में जीवनयापन करें। छत्तीसगढ़ शासन विभिन्न योजनाओं के तहत छग पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण करने पर नगद ईनाम, घर, नौकरी, राशन कार्ड, आधार कार्ड, व्यवसाय हेतु ऋण, कृषि हेतु जमीन, स्वास्थ्य बीमा, बस यात्रा में 50 प्रतिशत छूट, अन्य नियमानुसार सुविधा प्रदाय किया जाएगा।

#### परिवारजनों से मुलाकात

बार्डर डिवीजन के सदस्य एवं कोतरी एरिया कमेटी एलओएस, मोहला-औंधी एरिया कमेटी और मदनवाड़ा एलओएस के कमांडर लोकेश उर्फ हरसिंग सलामे के बुजुर्ग माता-पिता और अन्य परिवारजनों से सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर लोकेश सलामे के माता-पिता सहित अन्य परिवारजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित हुए और पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बुजुर्ग माता-पिता के स्वास्थ्य के बारे में जाना। शासन-प्रशासन की योजनाओं के लाभ प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी लिया। नक्सल कमांडर के बूढ़े माता-पिता और अन्य परिवारजनों के सदस्यों का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सत्कार उपरांत पुलिस कप्तान वायपी सिंह ने साड़ी, शाल, मिठाई देकर बुजुर्ग माता-पिता को भेंट किया।

#### कमांडर पत्नी का बस्तर में एनकाउंटर

हाल ही में कांकेर बस्तर के छोटे बिटिया थाना क्षेत्र के कलपर जंगल में 29 माओवादियों के एनकाउंटर में नक्सली कमांडर लोकेश सलामे की पत्नी मदनवाड़ा एलओएस कमांडर रीता सलामे मारी गई। नक्सली कमांडर लोकेश सलामे के माता-पिता तथा भाई-बहन इस वक्त गरीबी के थपेड़े के बीच छोटे से गांव में निवासरत हैं, जिन्हें आज पूरे सम्मान के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान वायपी सिंह ने हाल-चाल जाना तथा हर तरह का सहयोग करने का परिवारजनों को आश्वासन दिया।

#### तीन-तीन जिले की सुरक्षा बलों को तलाश

मानपुर विकासखंड के ग्राम आमाकोडो निवासी लोकेश सलामे 2007 से माओवादी संगठन में शामिल हैं। 2010 में महाराष्ट्र गढ़चिरौली के बोटेझरी जंगल से वह गिरफ्तार हुआ था। 2 वर्ष जेल में रहने के बाद जमानत उपरांत फिर से हथियार थाम के बीहड़ों में माओवादी संगठन के लिए शीर्ष लीडर के रूप में पहचान कायम किए हुए हैं। जिसकी तलाश कांकेर बस्तर, महाराष्ट्र गढ़चिरौली तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की पुलिस कर रही है। उस पर 8 लाख का ईनाम घोषित है।

# बाल वैज्ञानिकों को प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर

### दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सोमवार को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंसपायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2022-23 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम परिसर में इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2022-23 का अवलोकन किया और सराहना की।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2022-23 राजनांदगांव जिले में आयोजित हो रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 28 जिलों से 216 प्रतिभागी तथा मार्गदर्शक शिक्षक अपने प्रादर्शों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों का स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय इंसपायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों ने बहुत खुबसूरत मॉडल बनाया है। बाल वैज्ञानिकों ने समाज की समस्याओं को देखकर उसका समाधान निकालने की कोशिश की है। उन्होंने जो पढ़ा है उसे प्रेक्टिकल के रूप में प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों ने बहुत अच्छा मॉडल बनाया है, मॉडल देखकर चयनित करना बहुत मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का मॉडल चयन नहीं होता है, उन बच्चों को निराश होने की जरूरत नहीं है। उनको और बेहतर करने की कोशिश करना है।

उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत शासन, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन फाउंडेशन के मार्गदर्शन में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। यह बाल वैज्ञानिकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर एवं प्लेटफार्म है। उन्होंने सभी बाल वैज्ञानिकों को शिक्षकों से मार्गदर्शन सतत मिलने की बात कही।

# राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबाल में वाईडनर स्कूल चयनित

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**राजनांदगांव।** भिलाई में गत दिनों आयोजित संभाग स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव की 17 वर्ष बालक वर्ग फुटबॉल टीम ने एमजीएम स्कूल भिलाई को फाइनल में 0 के मुकाबले 3 गोल से हराकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है।



वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव की टीम आगामी 4 से 7 जुलाई तक जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। शाला के मैनेजर फॉदर जोसेफ राज, प्राचार्य फॉदर टी. अमलसीलन एवं शाला परिवार ने खिलाड़ीयों एवं उनके कोच श्री डेनियल, विनीत, तरन एवं राजेश को शुभकामनाएं दी।

# शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान, दो दिनों में 16 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जिलेभर में धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत आबकारी एक्ट के 15 प्रकरण में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 294 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री की रकम बरामद कर कार्रवाई की गई।

अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने दो दिनों में आबकारी एक्ट के कुल 15 प्रकरणों में 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 294 पौवा अवैध देशी शराब कीमती 26,460 रुपए एवं बिक्री रकम 2,950 रुपए कुल 29410 रुपए जब्त किया जाकर सभी 16 आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।



#### अलग-अलग थाना में कार्रवाई

29 एवं 30 जून को दो दिनों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 2 प्रकरण में 35 पौवा देशी शराब कीमती 3150 एवं बिक्री रकम 640, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2) के 2 प्रकरण में 79 पौवा देशी शराब कीमती 7110, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 17 पौवा देशी शराब कीमती 1530, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(1) के 2 प्रकरण में 22 पौवा देशी शराब कीमती 1980 एवं बिक्री रकम 400, थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 20 पौवा देशी शराब कीमती 1800 एवं बिक्री रकम 180 और 36(च) का 1 प्रकरण दर्ज किया गया।

**इन थानों में भी कार्रवाई :** ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 45 पौवा देशी शराब कीमती 4050 और 34(1) का 1 प्रकरण में 17 पौवा देशी शराब कीमती 1530 एवं बिक्री रकम 200, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 34(2) का 1 प्रकरण में 41 पौवा देशी शराब कीमती 3690, ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 36(च) का 2 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध किए गए।

# जनहित के लिए संघर्ष करेगी क्रांति सेना

**राजनांदगांव।** जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित क्षेत्रिय मुद्दों को लेकर प्रखरता से कार्य करने वाले संगठन छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की विभिन्न विषयों को लेकर जिला मुख्यालय राजनांदगांव के बसंतपुर में रविवार को महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई थी। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू द्वारा बताया गया कि संगठन के पूर्व के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी अगस्त माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष व राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी रहे मनीष देवांगन ने बताया कि जिले में संचालित अवैध कार्यों व छत्तीसगढ़ियों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर उन्होंने सेनानी से विस्तार पूर्वक चर्चा कर जल्द ही मैदानी लड़ाई लड़ने का निर्णय बैठक में लिया गया।



# नांदगांव को पं.दीनदयाल लीडरशिप अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय सचिव विशाख वर्मा पति टीभुक राम वर्मा शंकरपुर वार्ड नं. 7 की ग्लोबल चेम्बर ऑफ कामर्स नई दिल्ली द्वारका पं. दीनदयाल लीडरशिप अवार्ड राजनांदगांव छत्तीसगढ़ को दिया गया। श्रीमती विशाखा वर्मा धर्म एवं आध्यात्म क्षेत्र से विगत 20 साल से जुड़े हैं। सनातन धर्म पुरोहित महासभा के सदस्यों ने बधाई दी। जिसमें पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पं. अरूण मिश्रा, नंदकिशोर पांडे, हेमंत राय, नरेन्द्र राठौर, निहारिका देवी, पुष्पलता शर्मा, अनुराधा तिवारी, सीमा वर्मा, रानू वर्मा व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। राजनांदगांव की विशाखा वर्मा की कार्यप्रणाली को देखते अवार्ड से नवाजा गया है।



# बाल भारती में मना फाउण्डेशन-डे नए शिक्षण सत्र की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी में बाल भारती पब्लिक स्कूल ने 28वें फाउंडेशन दिवस एक जुलाई के अवसर पर स्कूल के संस्थापक स्व. विजय पांडे एवं श्रीमती वसुंधरा पांडे को याद व नमन करते उनके द्वारा बताए हुए मार्गदर्शन पर चलने का आशीर्वचन लेते नए सत्र की शुरूआत की।

इस दिन की शुरूआत बच्चों के स्वागत हेतु बैक टू स्कूल कार्निवाल के नाम से कार्निवल थीम में स्कूल को सजाया गया। जिसमें विद्यार्थियों के लिए तरह-तरह की गतिविधियां छात्रों के मनोरंजन के लिए फन गेम्स, फ़ूड जोन, डांस जोन एवं गेम्स जोन का आयोजन किया गया। बच्चों का स्वागत कार्टून करैक्टर द्वारा एवं हस्तनिर्मित बैच पहनाकर छात्रों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सामुहिक प्रार्थना के बाद केक काटकर 28वां फाउंडेशन दिवस मनाया गया। प्राचार्य श्रद्धा पांडेय रेड्डी द्वारा छात्रों को आशीर्वाद वचन दिया गया एवं आने वाले सत्र में नए उत्साह से भागीदारी देने प्रेरित किया गया। पालकों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। पालकों ने अपने बच्चों के साथ कार्निवाल में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। संस्था के सचिव तथागत पांडे, डायरेक्टर नरसिम्हा रेड्डी, डायरेक्टर रितिका पांडे तिवारी एवं संस्था के शिक्षकों की मुख्य भूमिका रही।




### श्रीराम-जानकी मंदिर में एकादशी तक विराजेंगे भगवान जगन्नाथ

# भक्तों को दर्शन देने मंदिर से निकलेंगे जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाती है। इस वर्ष 7 जुलाई को भव्य स्वरूप में रथयात्रा मनाए जाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है।

उड़ीसा के श्री जगन्नाथपुरी में लगभग 50 लाख श्रद्धालु भक्त पहुंचकर अपने प्रभु के रथ को अपने हाथों से खींचकर धर्म लाभ प्राप्त करते हैं। वहीं पूरे विश्व में स्थानीय स्तर पर नगर-ग्राम में विराजित भगवान जगन्नाथजी की भव्य रथयात्रा निकाले जाने की परंपरा सैकड़ों वर्षों से चल रही है। संस्कारधानी नगरी के गांधी चौक स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ के मंदिर से लगभग 8 दशकों से रथयात्रा निकालने की परंपरा है। मंदिर के सामने पारंपरिक भव्य रथ की साज-सज्जा अनेक भक्तों द्वारा पिछले एक सप्ताह से की जा रही है। जिसमें बैठकर भगवान जगन्नाथ नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। श्री जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा के अनुसार गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में 7 जुलाई को सुबह 8 बजे से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार पूजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा। पूजा-आरती के पश्चात रथ की रस्सी को भक्त माता-बहनों एवं बंधुओं द्वारा अपने हाथों से खींचकर रथयात्रा 2.30 बजे प्रारंभ होगी। इस दौरान संस्कारधानी की विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों की स्वर लहरी में भक्त नृत्य करते आगे बढ़ेंगे। ढोल-नगाड़े की थाप भी रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगी। रथयात्रा गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जूनीहटरी स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां जगत के नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक श्रीराम-जानकी मंदिर में ही विराजेंगे। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भगवान का रथ इसी मंदिर के द्वार पर खड़ा रहेगा। एकादशी के दिन भगवान पुनः अपने रथ पर विराजमान होकर बाजे-गाजे के साथ अपने गांधी चौक स्थित मंदिर में पधारेंगे। इस प्रकार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पूर्ण होगी।



### उपमुख्यमंत्री ने तीन नए कानून के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी

# गृहमंत्री शर्मा ने स/लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नवीन पुलिस थाना भवन लोकार्पण की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोकार्पण करने के बाद थाना भवन का निरीक्षण किया।

डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने कहा कि यह नया थाना भवन क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन से पुलिस बल को अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न करने में सहायता मिलेगी। इस तरह के प्रयास स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देते हैं और सरकार की कानून और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान आज से लागू होने वाले तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, बीएनएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरल करने के लिए लाया गया है। नए तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नए कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। उन्होंने 1 जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यतः पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्यवाही की जा सकेगी। इस अवसर पर रामकृष्ण साहू, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।





**नवीन थाना भवन परिसर में किया पौधारोपण**

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने नवीन थाना भवन परिसर में पौधे लगाए और लोगों को पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया व फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है।



# जीवन में भागवत कथा व सत्संग का महत्वूपर्ण स्थान : पं. आशीष पाठक

- कथा रसपान करने व सुनने उमड़ भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में संगीतमय नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 28 जून से श्रीमद्भावत कथा का आयोजन दुष्यंत शर्मा के निज निवास में किया जा रहा है।

श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान कथा का आयोजन भव्य जलयात्रा, पीठ-पूजन कर किया गया वहीं श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस कथावाचक पं आशीष पाठक द्वारा श्रोताओं को बताया गया अशांत व अव्यवस्थित जीवन में कथा व सत्संग के कुछ समय यदि व्यक्ति करे तो स्वयं व समाज का भला हो। वहीं श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य यजमान श्रीमती श्रद्धा दुष्यंत शर्मा विराजमान है वहीं संगीतमय श्रीमद् भागवत के साथ ही साथ रात्रिकालीन श्री अखण्ड रामायण मंडली का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिस पर रामाधार शर्मा, नर्मदा शर्मा, केदार शर्मा, बलदाऊ शर्मा द्वारा आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीमद् भागवत कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

**खबर संक्षेप**

### सड़कों पर बिछे केमिकल से राहगीर परेशान हादसे की आशंका



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम राम्हेपुर कला में स्थित एथेनॉल प्लांट का केमिकल को खाद बनाने के चक्कर में खुले वाहन से ट्रांसपोर्टिंग करते है और नेशनल हाईवे-30 ग्राम हरिनछपरा एवं बिजाझोरी में इस तरह के ट्रांसपोर्ट किया जा रहा है। जिससे केमिकल सड़क पर गिरने से आवागमन करने वाले राहगीरो व ग्रामीणों के लिए खतरा साबित हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाइवें-30 में 24 सों घटें छोटे सहित बड़ी वाहनों को आवाजाही लगा रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि केमिकल के सड़कों पर गिरें होने के कारण वाहन चालक फिसल कर चोटिल हो रहें है। तथा जन हानि की आशंका बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा राम्हेपुर कला चौक में राहगीरों व वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए पेड़ का डालियो लगा दी गई है ताकि वाहन चालक सावधानी से आवाजाही कर सकें। साथ ही डॉयल 112 को बुलाकर जनहानि व खतरा से बचा जा सकें अपील की गई।

# तिरेला कुर्मी क्षत्रिय समाज परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स/लोहारा

तिरेला कुर्मी क्षत्रिय समाज सहसपुर लोहारा परिक्षेत्र एवं कुर्मी युवा मित्र मंडल सहसपुर लोहारा परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रशेखर वर्मा प्रांत अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, लालजी चंद्रवंशी सर्व कुर्मी समाज जिला अध्यक्ष, नंदलाल चंद्राकर सर्व कुर्मी समाज प्रदेश महामंत्री, बद्रीप्रसाद वर्मा सर्व कुर्मी समाज जिला कोषाध्यक्ष, योगाचार्य लेखुराम भोरमदेव प्राकृतिक उपचार केंद्र छपरी सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां भारत माता व छत्रपति शिवाजी महाराज का पूजा-अर्चनाकर अतिथियों के स्वागत भेंट के पश्चात सभी विशिष्ट अतिथियों एवं समाज के विशिष्ट व्यक्तियों के बीच सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु भी उपस्थित थे। वही नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण जिसमें अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष भरत वर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार वर्मा, लखन वर्मा, कोषाध्यक्ष परेटन वर्मा, सचिव बोधन वर्मा, सह सचिव सरजू वर्मा, संचालक मालू वर्मा, सह संचालक रामनारायण वर्मा, संगठन मंत्री छोटूराम वर्मा, जीवन वर्मा, प्रचार मंत्री योगेश वर्मा, कन्हैया वर्मा, मीडिया प्रभारी धनुष वर्मा, शिवनंदन वर्मा, जगमोहन वर्मा कुरहा। कुर्मी युवा मित्र मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण जलेश्वर वर्मा अध्यक्ष, पीलू वर्मा, जयपाल वर्मा उपाध्यक्ष, सुनील वर्मा सचिव, पुरुषोत्तम वर्मा, गुलाब वर्मा, नंदू वर्मा महामंत्री व समाजसेवा का भाव रखने वाले व्यक्तियों को तिरेला कुर्मी समाज सहसपुर लोहारा परिक्षेत्र का उत्तरदायित्व दिया गया।



# प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में पढ़ाई-तिहार रैली कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ में माताओं को जोड़कर छात्र छात्राओं को घर पर पढ़ाई सीखने में सहयोग देने के लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत पूरे राज्य के स्कूलों में पढ़ई-तिहाई के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत काफी अच्छी सफलता मिल रही है, इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की उपलब्धि में सुधार के लिए माताओं का योगदान लिया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रीकला में पढ़ई-तिहाई बहुत ही धूमधाम से छात्र छात्राओं व शिक्षको के माध्यम से पूरे गांव में रैली निकालकर शिक्षा के महत्व पर परिचर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, सरपंच जलेश्वर चंद्राकर, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, पालक-माताएं जिसमें सावित्री यादव, मलहीन यादव, रजनी निषाद, त्रिवेणी यादव, पुन्नी राम निषाद, सुखदेव पटेल व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### नए भार का नए कानून 01 जुलाई से लागू होने पर थाना कुकदुर में उत्सव धूमधाम से मना



हरिभूमि कुई कुकदूर। नएं भारत का नाए कानून 01 जुलाई से लागू होने पर थाना कुकदुर क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार, जनप्रतिनिधीयों, सरपंच, स्कूली एवं कॉलेज छात्र, शिक्षक व्यवसायिक व्यापारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं थाना स्टाफ को नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में बताने जन-जागरूक करने के लिए बुलाया गया था जिसमें लोगों में नए कानून लागू होने से नए कानून के बारे में जानने की उत्सुकता में बढ चढकर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में आए सभी थाना कुकदुर क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार, जनप्रतिनिधीयों, सरपंच, स्कूल कॉलेज के छात्र शिक्षक व्यवसायिक व्यापारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक का थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेंद्र द्वारा स्वागत भाषण से अभिवादन किया तथा लागू होने वाले नएअपराधिक कानूनों की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया तथा महिलाओं और बच्चों के ऊपर होने अपराधों के संबध में नएअपराध के प्रवधानों को बताया एवं सायबर अपराध, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, बालक बालिकाओं के ऊपर घटित अपराध के बारे में जानकारी देकर सायबर अपराधियों से बचने के उपाय बताया गया तथा नएं कानून के प्रावधानों के संबध में परिचर्चा किया गया जो लोगों के बढ-चढकर प्रश्न पूछे जिसके संबध में थाना प्रभारी द्वारा कानूनी प्रावधान को बताकर उनकी जिज्ञासा से अवगत कराया गया एवं लोगों को जलपान कराकर थाना परिषर में सामूहिक फोटोग्राफ्स वीडियो ग्राफ्स की गई एवं इसी अवसर पर स्कूल कॉलेज के छात्रो को थाना परिसर मे थाना प्रभारी कक्ष, बंदीगृह, शस्त्रागार, माल खाना, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचक कक्ष का स्कूली एवं कॉलेज के छात्रों को भ्रमण कराया गया।

# वनक्षेत्र में चराई करते भेड़, बकरी एवं ऊंट को किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन एवं उपवनमंडलाधिकारी सहसपुर लोहारा द्वारा शनिवार को परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा अंतर्गत परिसर अकलामा कक्ष क्रमांक 254 संरक्षित वन ग्राम घुघवादहरा में गुजरात से आए भेड़-बकरी वालों द्वारा अवैध रूप से वनक्षेत्र में प्रवेश कर भेड़-बकरियों को चराई कराते हुए पकड़ा गया। वहीं मौके पर ऊंट 20 नग, भेड़ 1000 नग एवं बकरी 150 नग का जप्ती की कार्यवाही किया गया वहीं आरोपी वीभा वल्द राजा, जाति रब्बारी, निवासी वामका, जिला भुज (गुजरात) के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण 20738/2 शनिवार को दर्जकर भेड़-बकरियों को वनक्षेत्र से बाहर निकाला गया। प्रकरण में आरोपी से मनी रसीद क्रमांक 6282/51 रविवार को क्षतिराशि रूपए दस हजार रूपए मात्र वसूल किया गया। वनक्षेत्र में भेड़-बकरियों का प्रवेश निषेध हेतु वन कर्मचारियों द्वारा लगातार वनक्षेत्र में गश्ती कर निगरानी किया जा रहा है।



**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय जी कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**//शपथ पत्र //**

मैं हेमलता कोरी पिता घनश्याम दास कोरी उम्र 37 उम्र वर्ष जाति कोरी निवासी कुकदुर पोस्ट कुकदुर तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ0ग0) की निवासी हूँ जो निम्नलिखित शपथ पूर्वक करती हूं।

यह कि मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार है।

मैं वैष्णव माता महाविद्यालय नर्सिंग पन्ना जिला-पन्ना (म0प्र0) से जी.एन.एम परीक्षा वर्ष 2017 में उत्तीर्ण की हूं।

यह की मुझे छत्तीसगढ नर्सेस रजिस्ट्रेशन रायपुर छ०ग० से जी.एन.एम की रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रदाय की गई थी जो मेरे द्वारा कही गुम हो गया है जो बहुत पतासाजी करने पर आज पर्यन्त दिनांक नही मिल पाया है जिसके कारण मुझे काफी परेशानियों का सामना करना पड रही है।

यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उक्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति में प्राप्त करने के संबंध यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कण्डिका 01 से 04 तक की बाते सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक 01/07/2024 को कवर्धा में पढकर समझकर अपना हस्ताक्षर किया।

मुहर

शपथकर्ता
हेमलता कोरी

### दुल्लापुर में विधायक ने किया भावना सेवा सुविधा केंद्र का शुभारंभ

# पंडरिया विस के सात स्थानों में भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा में जनता की सेवा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहीं समाज सेविका एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सोमवार को ग्राम दुल्लापुर में भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) का शुभारम्भ किया। आज दुल्लापुर क्षेत्र में इस केंद्र की स्थापना के साथ ही भावना दीदी की गारंटी में उन्होंने जो संकल्प और क्षेत्र की जनता से जो वादा किया था, उसे भी पूरा किया। जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण, क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों व जनता के सुझावों के साथ ही शासकीय योजनाओं की जानकारी व उसका लाभ लेने के लिए जनता को दूर नहीं जाना पड़े इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के रणवीरपुर, कुई कुकदुर, इंदौरी, दुल्लापुर, पंडरिया, पाण्डातराई एवं कुण्डा में इन केन्द्रों की स्थापना की है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज यह मेरे लिए बहुत गर्व व हर्ष का क्षण है।

जनता की सेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए हमने जो संकल्प किया और भावना दीदी की गारंटी में विधानसभा के सात प्रमुख क्षेत्रों में भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना का जो वादा किया था, आज वह क्षेत्र के विधानसभा के मेरे परिवारजनों के आशीर्वाद व सहयोग से पूरा हुआ है। जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे अपना बहुमूल्य समर्थन दिया और एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी सेवा व क्षेत्र के विकास की जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। जनसंवाद के साथ ही समृद्ध पंडरिया विधानसभा बनाने का हमने जो सपना देखा है मुझे पूर्ण विश्वास है कि ऐसे जनभागीदारी एवं प्रयासों से हम अपने उद्देश्यों व लक्ष्यों को जरूर पूरा करेंगे। हमने भावना दीदी की गारंटी में केवल घोषणाएं नहीं बल्कि संकल्प किए हैं और आने वाले समय में सभी वादें धरातल पर ऐसे ही पूरे होंगे।

**स्वास्थ्य एवं जनहित के अपने दो प्रमुख वादों को पूरा करते हुए उसकी सेवा जनता को समर्पित कर दी : विधायक**

विधायक नें कहा कि हमने स्वास्थ्य एवं जनहित के प्रति अपने दो प्रमुख वादों को पूरा करते हुए उसकी सेवा जनता की समर्पित कर दी है। विधानसभा में निवासरत परिवारजनों को आपातकालीन सेवा हेतु 8 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा के साथ ही सात प्रमुख स्थानों में भावना केंद्र का शुभारम्भ हो चुका है, जहां जनता अपनी समस्याओं के निराकरण के साथ ही क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रमुख विषयों तथा कार्यों के प्रति अपने सुझाव हमें प्रदान कर रहें हैं और उनके निराकरण तथा सुझाव को प्राथमिकता के साथ हम कार्य कर रहें हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि जनहित के लिए हमने जो यह प्रयास किया है जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा। किसी भी छोटी-बड़ी समस्या, मूलभूत सुविधा और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने से उसकी जानकारी देने तक इस केंद्र में सभी समाधान के लिए आवेदकों को अब तहसील या जिला कार्यालय आने-जाने की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा और उनके गांव के समीप ही सभी समस्याओं का समाधान मिलने से उनके समय की बचत होने के साथ ही आर्थिक बचत भी होगी।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### संविलियन दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शिक्षकों ने एक जुलाई को संविलियन दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। संस्था के प्राचार्य व छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छः साल पहले एक जुलाई 2018 को पंचायत व नगरीय निकाय में कार्यरत शिक्षक पंचायत संवर्ग का स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक एलबी संवर्ग के पद पर संविलियन की शुरुवात हुआ था, तब से एक जुलाई को संविलियन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# नक्सल प्रभावित जिला कवर्धा में नए कानून के तहत पहली एफआईआर दर्ज

- जिले के रेंगाखार थाना में मारपीट के मामले में पहला अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के लागू होने के कुछ देर बाद ही छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला कबीरधाम में पीड़ित के साथ मारपीट की घटना की सूचना मिलने पर नए कानून की मूल भावना (पीड़ित को त्वरित न्याय) के तहत कबीरधाम पुलिस ने इस घटना में पीड़ित को तत्काल राहत देने के लिए त्वरित कार्यवाही करते हुए बीएनएस की धारा 296, 351(2). के तहत पहला अपराध पंजीबद्ध किया। थाना रेंगखार जिला कबीरधाम में नए कानून बीएनएस के तहत देश का पहला अपराध पंजीबद्ध दर्ज होना भारत के नए कानूनों के माध्यम से आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाकर नए कानूनों की मूल भावना के क्रियान्वयन की शुरुआत का प्रतीक है। पीड़ित इतवारी पंचेश्वर पिता सहदेव निवासी मोहनटोला थाना रेंगाखार जिला कबीरधाम के द्वारा पुलिस को लिखित सूचना मिली कि आरोपी गोलू ठाकरे निवासी रेंगाखार ने ट्रैक्टर के कागजात नही दे रहा है कहते हुए पीड़ित के साथ मारपीट व गलिगलौच किया। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना रेंगाखार में द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर रात्रि 12.30 बजे आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। भारत के नए कानून, विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का उद्देश्य देश की न्यायिक प्रणाली को अधिक आधुनिक और प्रगतिशील बनाना है। 160 साल पुराने अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए कानून भारतीय दंड संहिता (आईपीएस), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और इंडियन एविडेंस एक्ट को प्रतिस्थापित कर ये 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी और पारदर्शिता लाना है, जिससे हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सके।

## पहला अपराध पंजीबद्ध होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षणः एसपी



नए कानून के तहत दर्ज प्रथम अपराध पंजीबद्ध पर कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक ने कहा नए कानूनों का उद्देश्य हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय सुलभ कराना है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत, हमने यह सुनिश्चित किया है कि न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक प्रभावी और पारदर्शी हों। आज की घटना में, पीड़ित के आवेदन पर तुरंत कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध करना हमारे नए कानूनों की प्रभावशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। यह दर्शाता है कि हम अपने नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़ित को समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में यह संदेश भी जाएगा कि कानून और न्याय प्रणाली उनकी सुरक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा तत्पर है। हमारी टीम की तत्परता और समर्पण इस बात का प्रतीक है कि हम न्याय की दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नक्सल प्रभावित जिले में नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत पहला अपराध पंजीबद्ध होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है। इससे स्पष्ट होता है कि ये कानून न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं, बल्कि उनका मुख्य उद्देश्य है समाज में न्याय और पारदर्शिता को बढ़ावा देना। इन कानूनों के लागू होने से देश की न्यायिक प्रणाली में एक नया दौर शुरू होगा, जो न केवल अभियुक्तों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई की सुनिश्चित करेगा, बल्कि यह भी साबित करेगा कि सरकार न्यायिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह नया कानून भारतीय समाज को एक न्यायपूर्ण, समान और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक स्नद्धक्र हमारे न्यायिक प्रणाली में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। और यह साबित करता है की नए कानूनों के तहत हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिलेगा, और हमारा समाज अधिक न्यायपूर्ण और समतामूलक बनेगा।

## समस्याः फरियादियों को मिल रही तारीख पर तारीख

# अपर कलेक्टर नहीं बैठने से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

कबीरधाम जिले की सबसे बड़ी तहसील एवं अनुभाग मुख्यालय पंडरिया में राजस्व न्यायालय के तमाम अपीलीय प्रकरणों की सुनवाई एवं उनके निराकरण की दृष्टि से प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह में दो बार यहां अपर कलेक्टर के बैठने की व्यवस्था की गई है।

जिससे दूर दराज और वनवासी अंचल के लोगों को बार-बार होने वाली पेशी को लेकर आने जाने में काफी राहत मिल रही थी। किन्तु विगत कुछ महीनों से तत्कालीन अपर कलेक्टर के स्थानांतरण होने के बाद यहां लम्बित प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही है जिससे एक ओर जहां लम्बित राजस्व मामलों के निराकरण में विलंब हो रहा है वहीं न्यायालय में चल रहे प्रकरणों की पेशी में दूर दराज स्थित वनवासी अंचल से आने वाले सम्बंधित लोगों को बार बार भटकने के अलावा आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस सम्बंध में आज कोदवागोडान आए पंडरिया के वरिष्ठ अधिवक्ता नवलकिशोर पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान में यहां का प्रभार जिला पंचायत सीईओ के पास है किंतु व्यस्तता के चलते उनके नहीं आने से अपरकलेक्टर न्यायालय में पेशी के दिन आने वाले लोगों को उनके मामले की सुनवाई नहीं होने से काफी निराशा होती है।

श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रशासन द्वारा पंडरिया में अपरकलेक्टर की नई नियुक्ति हो चुकी है लेकिन फिलहाल उनके द्वारा पदभार ग्रहण नहीं किया गया है उन्होंने कहा कि नव पदस्थ अपर कलेक्टर के शीघ्र ही पदभार ग्रहण करने के बाद लोगों को राहत मिलेगी।

### विधायक से व्यवस्था दुरुस्थ करने की मांग




वहीं एक भेंट के दौरान पंडरिया नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकार नरेंद्र तिवारी ने क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा से मांग की है कि बड़ी तहसील होने के नाते पंडरिया में 15 दिन की बजाय प्रत्येक सप्ताह अपर कलेक्टर द्वारा सुनवाई किए जाने की पहल करते हुए क्षेत्रवासियों को एक और सौगात दें।

### ग्रामीणों को हो रहा है आर्थिक नुकसान

ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे पंडरिया तहसील के दूर दराज के वनांचल व दूरस्थ ग्रामों से अपने प्रकरणों की सुनवाई के सिलसिले में किराया भाड़ा लगाकर पहुंचते हैं लेकिन उन्हें यहां अपर कलेक्टर के पदस्थ नहीं होने के कारण आगे की तारीख दे दी जाती है जिससे उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# बूढ़ा महादेव समिति ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा से की सौजन्य भेंट

- बोलबम पदयात्रियों के लिए सुविधाओं की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



श्रावण मास में शिव भक्त शिवालयों में जाकर पूजा अर्चन करते है इस दौरान अमरकंटक से भोरमदेव व स्थानीय बूढ़ा महादेव मंदिर में हजारों की संख्यां में श्रद्धालु शिव भक्त जल लेकर मंदिर पहुंचते है।

आगामी श्रावण मास में शिवभक्तों को पदयात्रा में कठनाई न हो इसे लेकर बूढ़ा महादेव समिति के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेंट कर पदयात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

बुढ़ा महादेव मंदिर एवं बूढ़ा महादेव में बोलबम पद यात्रियों के रुकने एवं दर्शन के सबन्ध में विस्तृत चर्चा के बाद उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा शिवभक्तों को पदयात्रा में किसी भी प्रकार से कठनाई का सामना न करना पड़े इसलिए सुगम व्यवस्था बनाने के लिए हर सम्भव प्रयाश किया जाएगा।

कवर्धा से भोरमदेव तक रात्रि में यात्रा करने वालो के लिए प्रकाश की व्यवस्था, जगह-जगह पीने के पानी की सुविधा एवं मंदिर प्रांगण में बोलबम कांवरियों को अतिशीघ्र दर्शन मिल सके इस लिए व्यवस्था बनाने की बात कही। वही मंदिर परिसर के आसपास स्वछता एवं सुरक्षा को लेकर भी सुविधा देने की बात कही। उन्होंने कहा श्रावण मास में भोरमदेव तक पदयात्रा कर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है इस दृष्टि से सभी को सुरक्षित सुगम दर्शन मिल सके ये हम सब की जिम्मेदारी है इसे मिलकर पूरा करेंगे। खासकर पर्व में रविवार और सोमवार को होने वाली भीड़ की दृष्टी से भी व्यवस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयाश किया जाएगा।

### तीन नए कानून की जानकारी जेल स्टॉफ एवं बंदियों को दी गई

**कवर्धा।** तीन नए न्याय संहिता कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में जिला जेल कबीरधाम के जेल अधिकारी, कर्मचारियों, बंदियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पांच पुराने प्रावधानों को निरस्त कर, 23 प्रावधानों में बदलाव करते हुए एक नए प्रावधान को जोड़ा जाना बताते हुए इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल साक्ष्य को ग्राह्य किए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि अब साक्ष्य के लिए पुलिस द्वारा घटना स्थल एवं जब्ती कार्यवाही की वीडियोग्राफी अनिवार्य किया गया है।

# कबीरधाम जिले में 172.3 मिलीमीटर औसत वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में एक जून से 01 जुलाई 2024 तक 172.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 238.3 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 131.2 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 119.8 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 184.6, रेंगाखार तहसील में 121.0, कुण्डा तहसील में 115.9 मिलीमीटर, कुकदूर तहसील में 231.0 और पिपरिया तहसील में 236.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 01 जुलाई की स्थिति में पिछले चौबीस घंटे में जिले में 21.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 34.1 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 7.6 मिली मीटर, पंडरिया तहसील में 15.5 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 19.6, रेंगाखार तहसील में 17.0, कुण्डा तहसील में 16.2 मिलीमीटर, कुकदूर तहसील में 39.7 और पिपरिया तहसील में 21.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# जिले में डायरिया रोको अभियान 01 जुलाई से 31 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में 0-5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसका शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से डायरिया रोको अभियान 2024 का आयोजन जिले में 01 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किया जा रहा है। आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कैलाशनगर कवर्धा में जिला स्तरीय टीम डॉ. मुकुंद राव, डॉ. ताराचंद साहू, जंयत कुमार एवं टीम के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को डायरिया प्रबंधन, हाथ धुलाई की विधि, मलेरिया व डेंगू से बचाव व उपाय के संबंध में जानकारी दी गई। इस अभियान का क्रियान्वयन महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, स्थानीय प्रशासन, आजीविका मिशन एवं अन्य शासकीय विभागों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. बीएल राज ने बताया कि समुदाय, ग्राम स्तर पर मितानिन द्वारा सभी 05 वर्ष तक के बच्चों के घरों में 02 ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक की गोली रोग निरोधी रणनीति के अंतर्गत डायरिया प्रबंधन के लिए वितरण किया जाएगा तथा इसके उपयोग एवं महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान करना व मितानिनों के द्वारा ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी परिवारों को स्वच्छता पर भी जानकारी दी जाएगी। डायरिया प्रकरणों की पहचान, एएनएम, स्वास्थ्य केन्द्रों पर संदर्भन एवं मां को खतरे के लक्षणों के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा दी जाएगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एएनएम द्वारा टीकाकरण सत्र, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में ओआरएस व जिंक की महत्ता, दस्त होने पर भी मां को दूध पिलाने की आवश्यकता, हाथ धोने की एवं शौच के लिए टॉयलेट के उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही चिरायु दलों द्वारा स्कूलों का भ्रमण कर बच्चों को हाथ धुलाई की विधि एवं डायरिया से संबंधित जानकारियां एवं बचाव के उपाय बताया जाएगा। स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी तथा आईपीडी. वार्ड में ओआरएस-जिंक कार्नर की स्थापना डायरिया केस के उपचार के लिए किया जाएगा। इसे अस्पताल के प्रवेश द्वार के पास आसानी से ध्यान आकर्षित किये जाने वाले स्थल पर स्थापित किया जाएगा।



# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई 2024 को आयोजित किया जा रहा है जिसके संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देश एवं मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलिन्टियर्स की टीम द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में घूम-घूम कर एवं शिविर के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्राधिकरण के पीएलव्ही द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वे न्यायालयों में लम्बित अपने विवाद को सुलह-समझौते एवं राजीनामा के माध्यम से नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई, 2024 में निराकरण करा सकते हैं। नेशनल लोक अदालत से सिर्फ विवाद का निपटारा ही नहीं होता बल्कि दोनों पक्षकारों के समय एवम्-धन की बचत भी होती है साथ ही हमेंशा के लिए बैर भी समाप्त हो जाता है। प्रचार-प्रसार के लिए पॉम्प्लेट, बैनर पोस्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही समय-समय पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविरों में वे नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। प्राधिकरण के पैरालीगल वालिन्टियर श्रीमती प्रभा गहरवार, दीनदयाल कौशिक, विजय नामदेव, विजय राजपूत, मनोज यादव, डालेश्वर वर्मा, किशन साहू, मानसराम पटेल, सालिकराम बांधवे, श्रीमती अनुसईया जायसवाल, चित्रा चौरे, चन्द्रकांत यादव, योगेन्द्र गहरवार, तरूण सिंह ठाकुर, हेमन्त चन्द्रवंशी, द्वारा राजनानवागांव, चौरा, छपरी, भोरमदेव, मिनमिनिया, बोड़ला, चिल्फी, लोहारा तेन्दुआडी, सौगोनाडीह, बोड़ला, कवर्धा इत्यादि अनेक स्थानों पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## चार चरणों में विकासखण्ड पंडरिया के 800 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

# विकासखंड स्तरीय प्राथमिक शिक्षकों का ब्लेंडेड मोड एफएलएन प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशन पर प्राथमिक शाला के शिक्षकों को पूरे राज्य में विभिन्न चरणों में ब्लैण्डेड मोड में फाउण्डेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी तारतम्य में कबीरधाम जिले के पण्डरिया विकासखंड में समस्त संकुलों के प्राथमिक शाला के शिक्षकों को 3 जोन-पंडरिया (स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डरिया), कुंडा (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला), कुई (शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डरिया) में विभाजित कर प्रत्येक चरण में 60 से 70 का लक्ष्य रखकर 4 चरणों में 800 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। 5 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में 4 दिवसीय ऑफलाइन ब्लेंडेड मोड प्रशिक्षण 4 चरणों में आयोजित किया गया।

जिसमें पण्डरिया विकासखंड के समस्त प्राथमिक शिक्षकों को विभिन्न चरणों मंण प्रशिक्षित किया गया। इसके लिए राज्य स्त्रोत ग्रुप से एसआरजी शिवकुमार बंजारे, लक्ष्मण बांधेकर तथा जिला प्रशिक्षक समूह उत्तम लॉयल, काशी राम गोयल, भागीरथी चंद्राकर, मोहन शर्मा, धर्मराज साहू, देवलाल साहू, सुरेंद्र नेताम, निर्मल पात्रे, विक्रम जांगड़े आदि डीआरजी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ऑनलाइन प्रशिक्षण 3 जून से 12 जून 2024 तक तथा ऑफलाइन प्रशिक्षण 13 जून से 29 जून 2024 तक दिया गया।

जिसमें बुनियादी भाषा और गणित की मूलभूत बुनियादी कौशल अंतर्गत 3 से 8 वर्ष तक के बच्चों में भाषा के बुनियादी साक्षरता अंतर्गत बच्चों की मातृभाषा में मौखिक भाषा विकास, शब्द पहचान, ध्वनि जागरुकता, डिकोडिंग, ग्रिड पर कार्य, ब्लेंडिंग, पठन तथा लेखन व गणित के बुनियादी कौशल में निपुणता लाने हेतु 7 बुनियादी घटक, गणित के एप्रोच ईएलपीएस, मौखिक गणित पर बातचीत, गणित के कौशल, अभ्यास कार्य, गणित के खेल, भाषा व गणित के पाठ्य-पुस्तक, शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका का समायोजन, नवाजतन, ई जादुई पिटारा, स्कूल रेडीनेस, पुस्तकालय, एमएलटी तथा एमजीटी पर प्रशिक्षण दिया गया। एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी आरके पाण्डेय द्वारा ट्रेनिंग की गुणवत्ता का भौतिक मानिटरिंग सतत रुप से किया गया।

# बारिश होते ही खपरी नयापारा गांव की गलियों में कीचड़ ही कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला मुख्यालय से महज 25 दूर ग्राम खपरी (नया पारा) में बरसात आते ही गांव सभी गलियां पक्की नाली के आभाव में पानी निकासी नहीं होने के कारण कीचड़ में तब्दील हो गई हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 6 वर्ष पहले यहां सीसी रोड बनवाया गया था लेकिन वह भी दतनी गुणवत्ताहीन था कि संबंधित ठेकेदार ने न तो उसकी मोटाई नियमानुसार रखी और न ही उसमें निर्माण सामग्री का उपयोग ही नियमानुसार किया गया। जिसके कारण सीसी रोड़ में जगह-जगह गड्ढे हो गए है। ग्रामीणों की माने तो इस मार्ग से कोई चौपाया या ट्रैक्टर गुजरते ही मार्ग का नजारा खेत जैसा हो जाता है। स्थानीय ग्रामीण जितेंद्र सिन्हा, नेमसिंह राजपूत, परषोत्तम राजपूत व रामलाल सिन्हा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर गांव में उचित पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण की मांग की जा चुकी है लेकिन जिम्मेदार अनदेखी कर रहे है व कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों के साथ छोटे-छोटे स्कूली तथा आंगनबाड़ी के बच्चे बीते कई वर्षो से वर्षाकाल में गांव की कीचड़ युक्त खस्ताहाल गली की परेशानी छेल रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा क्षरेत्रीय जनप्रतिनिधियों से गांव में सीसी रोड़ एवं पक्की निर्माण कराए जाने की मांग की है।

